website: www.drgenius.academy | Contact: +91-9636280355, +91-9358816794 | E-mail: helpdesk@drgenius.academy

**1.** प्राचीन नगर जो महाभारत और महाभाष्य दोनों में उल्लेखित है?
(1) विराटनगर (बैराठ)
(2) मध्यमिका (नगरी
(3) रैढ़
(4) कर्कोट

**Ans. सही उत्तर (2) मध्यमिका (नगरी)** :– मध्यमिका नगरी चित्तोड़ जिले में स्थित है जो बौद्ध एवं वैष्णव मूर्तियों के लिए प्रसिद्ध है।

**(1) विराटनगर (बैराठ)** :– प्राचीन मतस्य जनपद की राजधानी जो वर्तमान जयपुर जिले में स्थित है यहाँ मोर्यकालीन सभ्यता के अवशेष प्राप्त हुए हैं।

**(3) रैढ़ (टोंक)** :– प्राचीन राजस्थान का टाटानगर।

**(4) कर्कोट** :– कर्कोट, कश्मीर का एक राजवंश या जिसने गोनंद वंश के पश्चात कशमीर पर अपना आधिपत्य जमाया।
⇒ कर्कोट पुराणों में वर्णित एक प्रसिद्ध नाग का नाम है।

**2.** अभिलेख जो प्राचीन राजस्थान में भागवत सम्प्रदाय के प्रभाव की पुष्टि करता है?
(1) घटियाला अभिलेख
(2) हेलियोदोरस का बेसनगर अभिलेख
(3) बुचकला अभिलेख
(4) घोसुण्डी अभिलेख

**Ans. सही उत्तर (4) घोसुण्डी अभिलेख** :– यह चित्तौड़ से प्राप्त हुआ है। इसकी भाषा संस्कृत व लिपि ब्राह्मी है। राजस्थान में वैष्णव संप्रदाय से सम्बन्धित सबसे प्राचीन अभिलेख है।

**(1) घटियाला अभिलेख** :– यह 961 ई0 का शिलालेख है जो जोधपुर में स्थित है। यह संस्कृत एवं प्राकृत दोनों भाषाओं में है।

**(2) हेलियोदास का बेसनगर अभिलेख** :– यह मध्य प्रदेश के विदिशा जिले में स्थित है। इसका निर्माण 110 ईसा पूर्व हेलियोदोरस ने करवाया था।

**(3) बुचकला अभिलेख** :– यह 815 ई. का शिलालेख है जो जोधपुर में स्थित है।

**3.** राजस्थान के निम्नलिखित मन्दिरों में से गुर्जर प्रतिहार काल में निर्मित मन्दिरों को चुनिये?
(i) आहड़ का आदिवराह मन्दिर
(ii) आभानेरी का हर्षतमाता का मन्दिर
(iii) राजोरगढ़ का नीलकंठ मन्दिर
(iv) ओसियाँ का हरिहर मन्दिर
**कूट** :
(1) (i) और (iv)
(2) (i), (ii) और (iv)
(3) (ii) और (iv)
(4) (i), (ii), (iii) और (iv)

**Ans. सही उत्तर (4) (i), (ii), (iii) और (iv)**

**(iv) ओसियाँ का हरिहर मन्दिर** :– गुर्जर प्रतिहार कालीन यह जोधपुर में स्थित है।

**(i) आहड़ का आदिवराह मन्दिर** :– यह उदयपुर में शिव को समर्पित है। इसका निर्माण मिहिर भोज ने 934 ई. में करवाया था।

**(ii) आभानेरी का हर्षतमाता का मन्दिर** :– यह दौसा में स्थित 8 वी.– 9 वीं शताब्दी का माना जाता है। यहाँ चाँद बावड़ी भी स्थित है। मूलतः विष्णु मन्दिर था।

**(iii) राजोरगढ़ का नीलकंठ मन्दिर** :–

**4.** निम्नलिखित में से कौनसा विद्वान कुम्भा के दरबार में नहीं था?
(1) टिल्ला भट्ट (2) मुनि सुन्दर सूरी
(3) मुनि जिन विजय सूरी (4) नाथा

**Ans. सही उत्तर (3) मुनि जिन विजय सूरी** :–
**कुम्भा के दरबारी साहित्यकार** :– मण्डल, गोविन्द, सुंदरगणि, सारंग व्यास, नाथा, टिल्ला भट्ट आदि।

**(1) टिल्ला भट्ट** :– टिल्ला भट्ट कुम्भा के दरबार में जैन विद्वान थे।

**(2) मुनि सुन्दर सूरी** :– मुनि सुन्दर सूरी भारत के प्राच विद्या, पुरातत्व, भारत शास्त्र एवं जैन धर्म के विद्वान थे।

**(4) नाथा** :– ये महाराणा कुम्भा के दरबारी विद्वान थे।

**5.** निम्नलिखित में से राजस्थान के किस क्षेत्र से अलीबक्षी ख्याल सम्बद्ध है?
(1) करौली (2) चिड़ावा (3) अलवर (4) चितौड़

**Ans. सही उत्तर (3) अलवर** :–
⇒ अलवर जिले के मुण्डावर तहसील में अली बक्षी का पैनोरेमा बना है।
⇒ इस ख्याल के प्रर्वतक अली बक्षी थे।

**(1) करौली** :– करोली जिले की गोपालसिंह की छतरी प्रसिद्ध है।

**(2) चिड़ावा** :– चिड़ावा में बागड़िया की हवेली प्रसिद्ध है।

**(4) चितौड़** :– भामाशाह की हवेली चित्तोड़ में स्थित है। महाराणा कुम्भा द्वारा निर्मित विजय स्तम्भ चित्तौड़ में स्थित है।

**6.** राजस्थान का शंकरिया नृत्य किससे सम्बन्धित है?
(1) कालबेलिया (2) भील
(3) सहरिया (4) तेहरताली

**Ans. सही उत्तर (1) कालबेलिया** :– शंकरिया नृत्य प्रेम कहानी पर आधारित कालबेलिया जनजाति का युगल नृत्य है। प्रमुख नृत्यांगना – गुलाबो सपेरा

**(2) भील जाति के नृत्य** :– गैर, गवरी, नेजा, युद्ध, हाथीमता, द्विचक्री, घूमरा, लाठी इत्यादि।

**(3) सहरिया जनजाति के नृत्य** :– शिकारी, लहंगी, इंद्रपरी, झेला।

**(4) तेरहताली के नृत्य** :– यह एक मिश्रित युगल नृत्य है। यह नृत्य रामदेव जी की आराधना में कामड़ जाति की महिलाऐं करती हैं।

**7.** निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सुमेलित है?

| नाम | | ग्रंथ (संगीत) |
|---|---|---|
| (1) पुंडरीक विट्ठल | – | रागमाला |
| (2) पण्डित भावभट्ट | – | संगीतराज |
| (3) कुम्भा | – | राग कल्पद्रुम |
| (4) उस्ताद चाँद खान | – | राग चंद्रिका |

**Ans. सही उत्तर (1) पुंडरीक विट्ठल** :– रागमाला, रागमंजरी।

⇒ **संगीतराज – कुम्भा**

⇒ **राग कल्पद्रुम – कृष्णानंद व्यास**

⇒ **राग चंद्रिका – द्वारकानाथ भट्ट**

**(2) पण्डित भावभट्ट** :– भावभट्ट, संगीताचार्य जनार्दन भट्ट के पुत्र थे और वे बीकानेर के महाराजा अनूपसिंह के दरबार में रहते थे।

**(3) कुम्भा** :– कुम्भा के प्रमुख ग्रंथ – सूड प्रबधे, संगीत मीमांसा, संगीत रत्नाकर, रसिकप्रिया, नृत्य रत्न कोश आदि कुम्भा के प्रसिद्ध ग्रंथ हैं।

**(4) उस्ताद चाँद खान** :– उस्ताद चाँद खां पटियाला घराने के प्रसिद्ध दरबारी संगीतकार थे।

**8.** निम्नलिखित में से कौनसा युग्म गलत सुमेलित है?

| कृषक आंदोलन | | नेता |
|---|---|---|
| (1) बेगूं | – | रामनारायण चौधरी |
| (2) बूंदी | – | नयनूराम शर्मा |
| (3) बिजौलिया | – | विजय सिंह पथिक |
| (4) बीकानेर | – | नरोत्तम लाल जोशी |

**Ans. सही उत्तर (4) बीकानेर** :–

⇒ नरोत्तम लाल जोशी ने 1939 में शेखावाटी के जकात आंदोलन का नेतृत्व किया था।

⇒ बीकानेर किसान आंदोलन के नेता जगजीवन चौधरी थे।

**(1) बेगूं** :– बेंगू में किसान आन्दोलन का नेतृत्व रामनारायण चौधरी ने किया। बेंगू किसान आंदोलन को 'बोल्शैविक समझौते' की संज्ञा दी जाती है।

**(2) बूंदी** :– बूंदी किसान आन्दोलन का नेतृत्व पण्डित नयनूराम शर्मा ने किया। बूंदी में 2 अप्रेल 1923 को 'डाबी हत्याकाण्ड' हुआ जिसमें इकराम हुसैन के नेतृत्व में गोलियाँ चलाई गई।

**(3) बिजौलिया** :– यह किसान आन्दोलन 1897 में शुरू हुआ। इस किसान आन्दोलन के नेता साधु सीताराम दास, विजयसिंह पथिक एवं रामनारायण चौधरी थे।

**9.** राजस्थान के इतिहास में 'पट्टा रेख' से क्या अभिप्राय है?

(1) आकलित राजस्व (2) सैन्य कर

(3) आयात–निर्यात कर (4) बेगार

**Ans. सही उत्तर (1) आकलित राजस्व** :– राजपूत शासकों द्वारा सामंतों की जागीर की उपज का वार्षिक अनुमान निर्धारित करना 'रेख' कहलाता था।

**बेगार प्रथा** :– मूल्य चुकाए बिना श्रम कराने की प्रथा।

**ईजारा** :– मध्यकालीन राजस्थान में राजस्व की एक ठेका प्रणाली थी।

**अडसट्टा** :– जयपुर राज्य का भूमि सम्बन्धी रिकॉर्ड अडसट्टा कहलाता था।

**10.** शेखावटी ब्रिगेड का मुख्यालय कहाँ स्थित था?

(1) सीकर

(2) झुंझुनुं

(3) खेतड़ी

(4) फतेहपुर

**Ans. सही उत्तर (2) झुंझुनुं** :–

**मेरवाड़ा बटालियन** :–

**स्थापना** – 1822 **मुख्यालय** – ब्यावर।

**मेवाड़ भील कोर** :–

**स्थापना** – 1841 **मुख्यालय** – खैरवाड़ा (उदयपुर)

**(1) सीकर** :– 1857 की क्रांति के संग्राम में सीकर क्षेत्र के डूंगजी–जवाहर जी प्रसिद्ध देशभक्त थे। लोटिया जाट एवं करणा मीणा भी इनके सहयोगी थे।

**(3) खेतड़ी** :– 1891 ई. में विवेकानंद पहली बार खेतड़ी आए थे। खेतड़ी के राजा अजीतसिंह से इनकी मित्रता थी। पहले इनका नाम विविदिशानंद था लेकिन अजीतसिंह ने इनका नाम 'विवेकानंद' रखा।

**(4) फतेहपुर** :– फतेहपुर की स्थापना 1451 ई. में नवाब फतेह खान ने की थी। इसे शेखावटी की सांस्कृतिक राजधानी कहते हैं।

**11.** स्वतंत्रता पूर्व राजस्थान का निम्नलिखित में से कौनसा समाचार–पत्र आर्य समाजी विचारधारा का संवर्धक नहीं था?

(1) देश हितेषी

(2) जनहितकारक

(3) परोपकारक

(4) राजपूताना गजट

**Ans. सही उत्तर (4) राजपूताना गजट** :–

⇒ इस समाचार–पत्र की शुरूआत 1822 ई. में अजमेर से मौलवी मुराद अली ने की थी।

देश हितैषी समाचार–पत्र की शुरूआत 1822 ई. में मुंशी मुन्नालाल शर्मा ने की थी।

**(1) देश हितेषी** :– देश हितैषी समाचार पत्र की शुरूआत 1822 में अजमेर से मुन्नीलाल शर्मा ने की।

**(2) जनहितकारक** :– यह समाचार पत्र स्वतंत्रता पूर्वक आर्य समाजी विचारधारा का संवर्धक था।

**(3) परोपकारक** :– यह समाचार पत्र भी आर्यसमाजी विचारधारा का संवर्धक था।

**12.** राजस्थान के कौनसे क्षेत्र में चैत्र–शुक्ल पंचमी को ''गुलाबी गणगौर'' मनायी जाती है?

(1) नाथद्वारा (2) उदयपुर (3) बूंदी (4) जोधपुर

**Ans. सही उत्तर (1) नाथद्वारा :–**

⇒ नाथद्वारा के श्रीनाथजी मन्दिर में गुलाबी गणगौर मनाई जाती है।

⇒ गणगौर त्योहार महादेव और पार्वती का सूचक माना जाता है।

⇒ होली के 15 दिन बाद 18 दिन तक (चैत्र कृष्णा I से चैत्र शुक्ल III) मनाया जाता है।

**(2) उदयपुर** :– वैशाख कृष्ण पक्ष की तृतीया को धींगा गणगौर उदयपुर में मनाई जाती है।

**(3) बूंदी** :– भाद्रपद कृष्ण पक्ष तृतीया को बूढ़ी तीज/कजली तीज बूंदी में मनाई जाती है।

**(4) जोधपुर** :– सितम्बर–अक्टुबर के मध्य जोधपुर में मारवाड़ महोत्सव का आयोजन किया जाता है।

**13.** सुमेलित कीजिये–

| **संस्था** | **स्थापना वर्ष** |
|---|---|
| (A) राजस्थान सेवा संघ | 1. 1921 |
| (B) देश हितेषी सभा | 2. 1927 |
| (C) अखिल भारतीय देशी राज्य लोक परिषद | 3. 1877 |
| (D) चैम्बर ऑफ प्रिन्सेज | 4. 1919 |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (2) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (3) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (4) | 4 | 2 | 3 | 1 |

**Ans. सही उत्तर (1) राजस्थान सेवा संघ**

| | | **स्थापना** | **स्थापनाकर्त्ता** |
|---|---|---|---|
| A | **राजस्थान सेवा संघ** | 1919 (वर्धा) | पथिक, रामनारायण |
| B | **देश हितेषा सभा** | 02 जुलाई 1877 (उदयपुर) | महाराणा सज्जन सिंह |
| C | **अखिल भारतीय देशी राज्य लोक परिषद** | 1927 (मुम्बई) | बहादुर रामचन्द्र राव |
| D | **चैम्बर ऑफ प्रिन्सेज** | | |

**नरेन्द्र मण्डल** :– 8 फरवरी 1921 (दिल्ली)

चैम्बर ऑफ प्रिसेंज एवं नरेन्द्र मण्डल एक ही संस्था है।

**14.** निम्नलिखित में से सर्वप्रथम किसने राजस्थान के राजसी शासक वर्ग के लिए पृथक शिक्षा संस्थान की आवश्यकता पर बल दिया था?

(1) कर्नल लोच (2) लॉर्ड लैंसडाऊन

(3) कैप्टन वाल्टर (4) लॉर्ड मेयो

**Ans. सही उत्तर (3) कैप्टन वॉल्टर** :– कैप्टन वॉल्टर ने सबसे पहले राज. कीरियाजतों के शासकों के लिए अलग शिक्षण संसथन स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

**(1) कर्नल लोच** :–

**(2) लॉर्ड लैंसडाऊन** :–

**(4) लॉर्ड मेयो** :– 1675 ई. में अजमेर में मेयो कॉलेज की स्थापना की। इसका प्रथम सत्र 1875-76 में शुरू हुआ, जिसमें कुल 23 छात्र थे।

**15.** राजस्थानी साहित्य की एक प्रारम्भिक रचना 'हंसावली' रचित है?

(1) हेमचंद्र द्वारा (2) असाइत द्वारा

(3) श्रीधर व्यास द्वारा (4) ईसरदास द्वारा

**Ans. सही उत्तर (2) असाईत द्वारा :–**

**(1) हेमचंद्र द्वारा** :– सिद्ध हेम शहदानुशासन, देशीनाममाला

**(3) श्रीधर व्यास द्वारा** :– रणमल छंद

**(4) ईसरदास द्वारा** :– गुण हरिरस, हाला–झाला–री कुण्डलिया (वीर रस प्रधान)

**16.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिये कूट से कीजिये–

| **सूची-I** (पर्वत शिखर) | **सूची-II** (महाद्वीप) |
|---|---|
| (A) कोसिस्को | (i) यूरोप |
| (B) मैकिन्ले | (ii) अफ्रीका |
| (C) अल्ब्रूस | (iii) ऑस्ट्रेलिया |
| (D) किलिमंजारो | (iv) उत्तरी अमेरिका |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | ii | i |
| (2) | iii, | iv | i | ii |
| (3) | iii | i | ii | iv |
| (4) | ii | iv | iii | i |

**Ans. सही उत्तर (2) iii, iv, i, ii**

| **महाद्वीप** | | **पर्वत शिखर** |
|---|---|---|
| (i) यूरोप | – | माउंट अल्ब्रूस (5633 मी.) |
| (ii) अफ्रीका | – | किलीमंजारो (5895 मी.) |
| (iii) ऑस्ट्रेलिया | – | कोसिस्को (2228 मी.) |
| (iv) उत्तरी अमेरिका | – | मैकिन्ले (6193 मी.) |
| (v) दक्षिण अमेरिका | – | एकांकागुआ (6960 मी.) |
| (vi) अंटार्कटिका | – | माउंट विन्सन मेसिफ (4892 मी.) |
| (vii) एशिया | – | माउंट एवरेस्ट (8848 मी.) |

**17.** अम्ल वर्षा में नीचे दिये गये कौनसे प्रदूषक वर्षा जल एवं हिम को प्रदूषित करते हैं?

(A) सल्फर–डाइ–ऑक्साइड (B) नाइट्रोजन–ऑक्साइड
(C) कार्बन–डाइ–ऑक्साइड (D) मिथेन

(1) (A), (B) और (D) (2) (A), (C) और (D)
(3) केवल (B) और (C) (4) केवल (A) और (B)

**Ans. सही उत्तर (4) केवल (A) और (B)**

**(A) सल्फर–डाइ–ऑक्साइड ($SO_2$)** :– यह तीव्र गंधयुक्त, रंगहीन, दमघोटू विषैली गैस है। इसका प्रयोग प्रशीतन में किया जाता है।

**(B) नाइट्रोजन–ऑक्साइड ($NO_2$)** :– नाइट्रोजन ऑक्साइड, डीजल या कोयले के दहन से प्रदूषित धुँए का मुख्य अवयव है। यह अम्लीय वर्षा हेतु उत्तरदायी है।

**(C) कार्बन–डाइ–ऑक्साइड ($CO_2$)** :– वायुमण्डल में कार्बन डाई ऑक्साइड गैस की मात्रा 0.03% होती है। वह दहन, श्वसन, किण्वन की क्रियाओं में मुक्त होती है। यह वायु से 1.5 गुना भारी गैस है।

**(D) मिथेन ($CH_4$)** :– यह रंगहीन, गंधहीन गैस है जो ईंधन के रूप में उपयोग की जाती है। यह प्राकृतिक गैस का मुख्य घटक है।

⇒ **अम्ल वर्षा के लिए उत्तरदायी गैसें** :– सल्फर डाई ऑक्साइड ($SO_2$), नाइट्रोजन ऑक्साइड ($NO_2$)

⇒ वे गैसें जो जल और ऑक्सीजन तथा अन्य गैसों के साथ प्रतिक्रिया करके सल्फ्यूरिक और नाइट्रिक जैसे अम्ल बनाती है जिसके परिणाम स्वरूप अंतत अम्लीय वर्षा होती है।

**18.** निम्नलिखित में से कौनसे किसी प्रदेश की जैव–विविधता के लिए संकट हो सकते हैं?

(A) भूमण्डलीय तपन
(B) प्राकृतिकवास का विखण्डन
(C) विदेशी प्रजातियों का आक्रमण
(D) शाकाहार को प्रोत्साहन

सही उत्तर का चयन नीचे दिये कूट से कीजिये–

**कूट :**

(1) (A), (B) और (C) (2) केवल (B) और (C)
(3) (A) और (D) (4) (B), (C) और (D)

**Ans. सही उत्तर (1) (A), (B) और (C)**

**(A) भूमण्डलीय तपन :–**

**(B) प्राकृतिकवास का विखण्डन :–**

**(C) विदेशी प्रजातियों का आक्रमण :–**

**(D) शाकाहार को प्रोत्साहन :–**

⇒ **जैव विविधता** :– पृथ्वी पर किसी स्थान पर पाए जाने वाले जीवन की विविधता।

⇒ **जैव विविधता के संकट** :– वनों की कटाई, प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन।

**19.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिये कूट से कीजिये–

| **सूची-I (औद्योगिक प्रदेश)** | **सूची-II (देश)** |
|---|---|
| (A) लंकाशायर प्रदेश | (i) संयुक्त राज्य अमेरिका |
| (B) रूहर प्रदेश | (ii) जर्मनी |
| (C) कैहिन प्रदेश | (iii) यूनाइटेड किंगडम |
| (D) दक्षिणी अपेलेश्यिन | (iv) जापान |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | iii | ii | i | iv |
| (3) | iii | ii | iv | i |
| (4) | iii | iv | ii | i |

**Ans. सही उत्तर (3) (iii), (ii), (iv), (i)**

| **देश** | | **औद्योगिक प्रदेश** |
|---|---|---|
| (i) संयुक्त राज्य अमेरिका | – | दक्षिणी अपेलेश्यिन प्रदेश |
| (ii) जर्मनी | – | रूहर प्रदेश |
| (iii) यूनाइटेड किंगडम | – | लंकाशायर प्रदेश |
| (iv) जापान | – | केहिन प्रदेश, योकोहामा |
| (v) रूस | – | मास्को क्षेत्र |
| (vi) यूक्रेन | – | डोनबास |

**20.** निम्नलिखित में से कौनसा सुमेलित नहीं है?

| **दर्रे** | | **राज्य में स्थिति** |
|---|---|---|
| (1) शिपकीला | – | जम्मू व कश्मीर |
| (2) जैलेपला | – | सिक्किम |
| (3) बॉमडिला | – | अरूणाचल प्रदेश |
| (4) माना और नीति | – | उत्तराखण्ड |

**Ans. सही उत्तर (1)**

| **दर्रा** | | **राज्य** |
|---|---|---|
| (i) शिपकीला | – | हिमाचल प्रदेश |
| (ii) जैलेपला, नाथूला | – | सिक्किम |
| (iii) बॉमडिला, दीफू | – | अरूणाचल प्रदेश |
| (iv) माना और नीति | – | उत्तराखण्ड |
| (v) जोजिला, बनिहाल | – | जम्मू–कश्मीर |